**Series #CDBA/S**

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड **4/S/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब**।*

*(iii)* ***खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(iv)* ***खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

*(vi)* *यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

भारतीय चित्त जो आज भी 'अनधीनता' के रूप में न सोचकर 'स्वाधीनता' के रूप में सोचता है, वह हमारे दीर्घकालीन संस्कारों का फल है। वह 'स्व' के बंधन को आसानी से नहीं छोड़ सकता। अपने-आप पर अपने-आपके द्वारा लगाया हुआ बंधन हमारी संस्कृति की बड़ी भारी विशेषता है। ऐसा नहीं है कि जो कुछ हमारा विशेष है, उससे हम चिपटे ही रहें। पुराने का 'मोह' सब समय वांछनीय ही नहीं होता। मरे बच्चे को गोद में दबाए रहने वाली 'बँदरिया' मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती। पर हमें नई अनुसन्धित्सा के नशे में चूर होकर अपना सरबस नहीं खोना है। कालिदास ने कहा था कि सब पुराने अच्छे नहीं होते, सब नए ख़राब ही नहीं होते। भले लोग दोनों की जाँच कर लेते हैं, जो हितकर होता है, उसे ग्रहण करते हैं, और मूढ़ लोग दूसरों के इशारे पर भटकते रहते हैं। सो, हमें परीक्षा करके हितकर बात सोच लेनी होगी और अगर हमारे पूर्व संचित भंडार में वह हितकर वस्तु निकल आए, तो इससे बढ़कर और क्या हो सकता है ? यह जरूर है कि परिस्थितियाँ बदल गई हैं। उपकरण नए हो गए हैं और उलझनों की मात्रा भी बहुत बढ़ गई है, पर मूल समस्याएँ बहुत अधिक नहीं बदली है।

(i) 'स्वाधीनता' से अभिप्राय है :

(A) अनधीनता
(B) उच्छृंखलता
(C) अपनी अधीनता
(D) दूसरे के बंधन से मुक्ति

(ii) भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है :

(A) परंपराओं का पूरी निष्ठा से पालन करना
(B) नए-नए अनुसंधान करने की इच्छा रखना
(C) नए और पुराने के बीच सामंजस्य रखना
(D) स्वयं पर अपने ही द्वारा लगाए बंधन को स्वीकारना

(iii) नए-पुराने में से यदि श्रेष्ठ का चुनाव करना हो तो क्या करना चाहिए ?

(A) उपयोग करने की सरलता की जाँच परख
(B) देश और समाज के लिए हितकारी की परख
(C) वैज्ञानिक सोच से उनका निरीक्षण-परीक्षण
(D) समाज के सम्मानीय व्यक्तियों से सलाह

(iv) मरे हुए बच्चे को गोद में दबाए रखने वाली बँदरिया का उदाहरण गद्यांश में किस उद्देश्य से दिया गया है ?

(A) परंपराओं का पालन करने हेतु

(B) रूढ़ियों का मोह त्यागने हेतु

(C) मोह-माया का बंधन बनाए रखने हेतु

(D) पुरानी चीज़ों को आँख-मूँदकर स्वीकार करने हेतु

(v) गद्यांश का संदेश है कि :

(A) केवल रूढ़िवादी विचारधारा विकासवाद के लिए उपयुक्त नहीं हो सकती।

(B) नए-पुराने की जाँच कर स्वयं के लिए हितकारी को ही ग्रहण करो।

(C) आधुनिक विचारधारा से ही देश का विकास संभव है।

(D) जो कुछ पुराना है उसे छोड़ देना ही उचित है।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

कलाकार सौंदर्य-प्रिय होता है। राष्ट्र पर मँडराती युद्ध की घनघोर घटाओं के बीच में कलाकार की वाणी बिजली की तरह पथ-प्रदर्शक बनती है और गुमराहों को राह दिखा जाती है।

अन्तर्तम की सुंदरतम अनुभूति को अभिव्यक्त करने की क्षमता ही कलाकार का आदर्श है। इसी में राष्ट्रहितों की सम्यक् साधना का समावेश कर देना एक अत्युच्च आदर्श है। किसी भी कलाकार का अध्ययन करने पर हमें ज्ञात होता है कि अपने समकक्षीय मानव के प्रति उसमें अद्भुत, किन्तु मानवीय सहानुभूति अवश्य ओत-प्रोत रहती है। उसमें एक ऐसी प्रवृत्ति पाई जाती है, जो मानव मात्र का कल्याण चाहती है और भेद-भाव अथवा ऊँच-नीच के दूषित वातावरण की उसमें कोई गंध नहीं रहती।

प्राचीन भारत के स्वर्णिम युग का अध्ययन करने से हमें विदित होता है कि जब संसार के अन्य देश कला के नाम से सर्वथा अनभिज्ञ थे, तब हमारा देश कला की महत्ता को पूर्ण रूप से समझता था। कला की रक्षा के लिए प्राचीन भारत ने कुछ कसर नहीं उठा रखी थी। यहाँ तक कि धार्मिक और राजनीतिक संघर्षों के समय भी कला का स्वरूप अक्षुण्ण रखा जाता था। कला का चहुँमुखी विकास भारतवर्ष के प्रत्येक युग में हुआ और इसके विकास-पथ में किसी प्रकार का रोड़ा नहीं अटकाया गया। यही कारण है कि प्राचीन भारत का इतिहास हमारी तत्कालीन स्वतंत्रता का यशगान अपने वक्ष से आज भी चिपकाए, हमें कला का वास्तविक सम्मान करने की प्रेरणा दे रहा है।

(i) लेखक ने कलाकार के किस गुण की बिजली से तुलना की है और क्यों ?

(A) उसकी दृष्टि की, वह तीव्र होती है।

(B) उसकी चाल की, वह धीमी होती है।

(C) उसकी वाणी की, वह पथ प्रदर्शक होती है।

(D) उसके सौंदर्य की, वह मन को भाता है।

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* कलाकार में मानव मात्र का कल्याण करने वाली प्रवृत्ति पाई जाती है।

*कारण :* प्राचीन काल से ही हमारा देश कला को पूर्णत: समझता है।

(A) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है।

(B) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(iii) प्राचीन भारत में कला के प्रति लोगों का क्या दृष्टिकोण था ?

(A) कला का सम्मान नहीं था।

(B) कला की महत्ता समझी जाती थी।

(C) कला विकसित नहीं थी।

(D) कला से सब अनभिज्ञ थे।

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सी प्रवृत्ति कलाकार में ***नहीं*** पाई जाती ?

(A) सम्मान प्राप्ति की प्रबल इच्छा

(B) मानव मात्र के प्रति सहानुभूति

(C) मानव के कल्याण की इच्छा

(D) सभी व्यक्तियों को समान समझना

(v) कलाकार का क्या आदर्श है ?

(A) कला का सम्मान करना

(B) कलात्मकता का विकास करना

(C) अन्तर्तम की अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने की क्षमता

(D) बाह्य जगत के सौंदर्य की सराहना करना

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) 'बड़े भाई साहब स्वभाव से अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते।' – रेखांकित पदबंध का भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध
(B) विशेषण पदबंध
(C) क्रिया पदबंध
(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण है :

(A) पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी।
(B) पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी।
(C) पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी।
(D) पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी।

(iii) 'सुभाष बाबू के जुलूस में कौन-कौन थे ?' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है :

(A) कौन-कौन
(B) जुलूस में कौन
(C) कौन-कौन थे
(D) सुभाष बाबू के जुलूस

(iv) सब स्त्रियों को नौ बजे छोड़ दिया गया। – रेखांकित के पदबंध भेद का नाम लिखिए :

(A) क्रिया-विशेषण पदबंध
(B) क्रिया पदबंध
(C) संज्ञा पदबंध
(D) विशेषण पदबंध

(v) 'तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए :

(A) मददगार व्यक्ति था
(B) तताँरा एक नेक
(C) एक नेक और मददगार व्यक्ति
(D) एक नेक और मददगार

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित वाक्यों में से उपयुक्त मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) वहाँ एक शक्तिशाली युवक तताँरा रहता था।

(B) निकोबारी उसे प्रेम करते थे।

(C) लहरों का वेग उठा और उसकी तंद्रा भंग कर गया।

(D) गायन इतना प्रभावी था कि वह सुध-बुध खोने लगा।

(ii) 'क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सामान्य वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) संयुक्त वाक्य

(iii) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| *स्तंभ-I* | *स्तंभ-II* |
|---|---|
| 1. अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ी। | (I) सरल वाक्य |
| 2. जीवन में यह पहली बार है जब मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ। | (II) मिश्र वाक्य |
| 3. सारे निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। | (III) संयुक्त वाक्य |

विकल्प :

(A) 1 - (I), 2 - (II), 3 - (III)

(B) 1 - (I), 2 - (III), 3 - (II)

(C) 1 - (III), 2 - (II), 3 - (I)

(D) 1 - (III), 2 - (I), 3 - (II)

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है :

(A) योगाचार्यों का दृढ़ मंतव्य है कि योग का अर्थ निरोगी काया है।

(B) योगाचार्य योग को निरोगी काया का आधार मानते हैं।

(C) योगाचार्य योग कर निरोगी बनने को कहते हैं।

(D) योगाचार्यों ने निरोगी जीवन को सुखी जीवन माना है।

(v) ''तीसरी कसम' शैलेन्द्र के जीवन की पहली फ़िल्म थी।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा :

(A) संयुक्त वाक्य (B) विधानवाचक वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) मिश्र वाक्य

**5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) 'सप्तर्षि' समस्त-पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) द्वंद्व समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) द्विगु समास

(D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'नवग्रह' समस्त-पद का विग्रह होगा :

(A) नौ ग्रहों का समूह

(B) नव और ग्रह

(C) नया ग्रह

(D) नौ ग्रह हैं जिसके

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| *समस्त-पद* | *समास का नाम* |
|---|---|
| (1) प्रतिमाह | बहुव्रीहि |
| (2) नीलगाय | अव्ययीभाव |
| (3) राजकुमार | तत्पुरुष |
| (4) लम्बोदर | बहुव्रीहि |

उपर्युक्त युग्मों में सही सुमेलित युग्म हैं :

(A) (1) और (2) (B) (2) और (3)

(C) (1) और (4) (D) (3) और (4)

(iv) 'आजीवन' समास के लिए सही समास-विग्रह व समास का चयन कीजिए :

(A) जीवन तक – अव्ययीभाव समास

(B) अनंत है जो जीवन – कर्मधारय समास

(C) जीवन से लेकर – बहुव्रीहि समास

(D) जीवन भर – अव्ययीभाव समास

(v) 'भुजदंड' का समास-विग्रह व भेद होगा :

(A) भुजा और दंड – द्वंद्व समास

(B) दंड के समान भुजा – कर्मधारय समास

(C) भुजाओं का डंडा – तत्पुरुष समास

(D) डंडे जैसी भुजा है जो – बहुव्रीहि समास

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) आपा खोना – अपने आप में रहना

(B) मुँह बंद होना – अंत होना/शांत होना

(C) सिर पर कफ़न बाँधना – सिर पर कपड़ा बाँधना

(D) हाथ तोड़ना – हाथ के बल गिरना

(ii) 'सहर्ष बलिदान देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) मौत से गले मिलना

(B) तलवार खींचना

(C) सिर ओखली में देना

(D) लोहे के चने चबाना

(iii) 'बाएँ हाथ का खेल' मुहावरे का अर्थ है :

(A) बाएँ हाथ से खेलना

(B) कठिन कार्य

(C) बाएँ हाथ से गेंद फेंकना

(D) आसान काम

(iv) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयोग करना उचित है ?

'वह अपना काम करवाने के लिए हर किसी की तारीफ़ करता है।'

(A) तलवे चाटना
(B) चक्कर काटना
(C) जी हजूरी करना
(D) घूस देना

(v) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए :

'गंगू भाई से सलाह मत लेना। वह _______________ है।'

(A) आँख का तारा
(B) बुढ़ापे की लाठी
(C) मिट्टी का माधो
(D) हवाई किले बनाना

(vi) 'कुछ भी न बिगड़ना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) ऊँट के मुँह में जीरा
(B) बात का बतंगड़ बनाना
(C) बाल भी बाँका न होना
(D) ईंट भी न हिलना

**7.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप ही आप चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥

(i) 'मर्त्य' का अर्थ है :

(A) मरणशील
(B) मरणासन्न
(C) मरने का इच्छुक
(D) मरने वाला

(ii) कवि ने सुमृत्यु किसे कहा है ?

(A) जो समय पर हो
(B) जो काम करते-करते हो
(C) जो बिना किसी कष्ट के हो
(D) मृत्यु के बाद जिसे लोग याद करें

(iii) कवि ने पशु-प्रवृत्ति किसे कहा है ?

(A) स्वार्थ की भावना
(B) लोगों के लिए काम करना
(C) अपनी सन्तान की परवाह करना
(D) खूँटे से बँधे रहना

(iv) 'मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए :

(A) अपने लिए कुछ न करके मरना व्यर्थ है।
(B) जो अपने लिए नहीं जिया वह तो मरता ही नहीं है।
(C) परोपकार में जीवन व्यतीत करने वाला हमेशा अमर है।
(D) अपनों के लिए जीवन जीने वाला व्यक्ति महान है।

(v) इस काव्यांश का भाव है कि :

(A) मनुष्य जीवन की सार्थकता परोपकार करने में ही है।
(B) प्रकृति मनुष्य को परोपकार करना सिखाती है।
(C) पशुओं की तरह जीवन नहीं बिताना चाहिए।
(D) मनुष्य वही है जो अपने लिए जीता है।

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने मनुष्य को महत्त्वपूर्ण संदेश दिया है :

(A) देश की शान बनाए रखनी चाहिए।
(B) देश को सुंदर स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए।
(C) सैनिकों को सीमा पर सदा सजग रहना चाहिए।
(D) देश हित सर्वस्व समर्पण के लिए तत्पर रहना चाहिए।

(ii) 'तोप' कविता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त कथन चुनकर लिखिए :

(A) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों ने तोप से अंग्रेज़ों के परखच्चे उड़ा दिए थे।
(B) अहिंसावादी देश आज स्वतंत्र हो गया है इसलिए तोप को सँभाला गया।
(C) तोप हम भारतीयों को हिलाकर रह गई।
(D) कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप हमें सचेत रहने का संदेश देती है।

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : *5×1=5*

ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था। एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया। मेरी माँ ने देखा तो उसे बहुत दुख हुआ। उसने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की। लेकिन इस कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया। कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे। उनकी आँखों में दुख देखकर माँ की आँखों में आँसू आ गए। इस गुनाह को ख़ुदा से मुआफ़ कराने के लिए उसने पूरे दिन रोज़ा रखा। दिन-भर कुछ खाया-पिया नहीं। सिर्फ़ रोती रही और बार-बार नमाज़ पढ़-पढ़कर ख़ुदा से ग़लती को मुआफ़ करने की दुआ माँगती रही।

(i) माँ की आँखों में आँसू आना किस बात का परिचायक है ?

(A) भय का

(B) दया का

(C) संवेदनशीलता का

(D) खुशी का

(ii) माँ ने रोज़ा क्यों रखा ?

(A) अपराध-बोध के कारण

(B) अंडा टूट जाने के कारण

(C) रमजान के महीने में धार्मिक लाभ हेतु

(D) गुनाह को ख़ुदा से माफ़ कराने हेतु

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे।

*कारण :* लेखक के घर के रोशनदान पर कबूतर ने अंडे दिए थे।

(A) कथन सही है, परन्तु कारण उसकी व्याख्या नहीं करता है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) माँ की आँखों में आँसुओं का कारण है :

(A) बिल्ली द्वारा कबूतर के अंडे का तोड़ना।

(B) स्वयं द्वारा कबूतर के अंडे का टूट जाना।

(C) कबूतरों की परेशानी को अनुभूत करना।

(D) कबूतरों के अंडों को न बचा पाना।

(v) गद्यांश के मूल भाव से निम्नलिखित में से कौन-सा विचार मेल खाता है ?

(A) किसी भी प्राणी का अंडा न छूएँ।

(B) बच्चों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

(C) मानव सदा से ही दयालु रहा है।

(D) संवेदनशील व्यक्ति किसी का भी दुख नहीं देख सकता।

**10.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प छाँटकर लिखिए : *2×1=2*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'बड़े भाई साहब' के व्यवहार से मेल खाता है ?

(A) बिना बात दूसरे को डराना।

(B) बड़े होने के नाते वह छोटे भाई के लिए आदर्श बनना चाहते थे।

(C) वह छोटे भाई को केवल डाँटते-फटकारते रहते थे।

(D) उन्हें खेलना-कूदना बहुत अच्छा लगता था।

(ii) 'तताँरा-वामीरो कथा' का संदेश देने के लिए कौन-से वाक्य सत्य हैं ?

(I) प्रेम सब को जोड़ता है और घृणा दूरी बढ़ाती है।

(II) प्रेम स्वयं पोषित होता है समाज पोषित नहीं।

(III) समाज के लिए किया गया बलिदान व्यर्थ नहीं जाता।

(IV) आत्महत्या का भय दिखाकर कुछ भी करवा सकते हो।

(A) (I) और (II)

(B) केवल (I)

(C) (I) और (III)

(D) (II) और (IV)

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) “हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है।” ‘पतझर में टूटी पत्तियाँ’ पाठ के इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ख) ‘केवल प्रचार में दो हज़ार रुपया खर्च किया गया।’ – यह वाक्य आज की किस व्यावसायिक संस्कृति की ओर संकेत करता है। वर्तमान समय में प्रचार-प्रसार के किन साधनों का प्रयोग किया जाता है और क्यों ?

(ग) ‘दिन भर के परिश्रम की थकान को प्रकृति का शान्त वातावरण दूर करता है।’ ‘तताँरा-वामीरो कथा’ के संदर्भ में इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

**12.** काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) ‘जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहिं।’ – कबीर के दोहे की इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) ‘पाठ्य-पुस्तक’ की एक कविता हमें ‘प्राकृतिक-सौंदर्य के बहुत सुन्दर दृश्यों से आत्मसात करवाती है’ – किसी एक दृश्य का वर्णन कीजिए।

(ग) रविन्द्रनाथ टैगोर का प्रार्थना-गीत ऐसी कौन-सी विशेषता से युक्त है जो उसे अन्य गीतों से अलग करता है ?

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) हरिहर काका की अपने परिवार में जो स्थिति है वह आज के वरिष्ठ नागरिकों की स्थिति से कैसे भिन्न अथवा समान है ? – इस विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(ख) टोपी के अपने मित्र की दादी के साथ स्नेहपूर्ण सम्बन्ध किस तथ्य पर प्रकाश डालते हैं ? 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर लिखिए।

(ग) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लेखक ने कहानी के प्रारम्भ में लिखा है – "मेरे साथ खेलने वाले बच्चों का हाल एक सा होता। नंगे पाँव, फटी-मैली सी कच्छी और टूटे बटनों वाले कुर्ते" – ये सब बच्चों की किस स्थिति को प्रकट कर रहे हैं ?

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) नारी सुरक्षा देश की रक्षा
संकेत-बिंदु

- नारी समाज का महत्त्वपूर्ण अंग
- नारी विकास, परिवार का विकास
- नारी विकास में बाधाएँ

(ख) योग और वसुधैव कुटुम्बकम्
संकेत-बिंदु

- योग और वसुधैव कुटुम्बकम् का अर्थ
- दोनों एक-दूसरे के पूरक
- भूमंडलीकरण का महत्त्वपूर्ण अंग

(ग) मोबाइल पर खेले जाने वाले खेल और मानव
संकेत-बिंदु

- आउट-डोर खेलों में कमी
- आँखों और शरीर के अन्य अंग प्रभावित
- सोच में संकीर्णता

**15.** (क) आप विद्यालय के 'हिन्दी क्लब' के सचिव हर्षवर्धन/हर्षिता हैं। आप अपने विद्यालय में पाक्षिक प्राचीर पत्रिका प्रारम्भ करना चाहते हैं। इस संबंध में प्रधानाचार्य से स्वीकृति माँगते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम हर्षवर्धन/हर्षिता है। आप अपने विद्यालय के 'खेल क्लब' के सचिव हैं। अपने विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को खेल दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। *5*

**16.** (क) 'योग दिवस' पर आपकी 'आवासीय कल्याण समिति' सामूहिक योग का आयोजन करने जा रही है। इससे संबंधित सम्पूर्ण जानकारी देते हुए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) आधार-कार्ड में सुधार और बदलाव करने के लिए 'सरिता विहार पॉकेट बी' में एक कैम्प का आयोजन सरकारी बैंक की शाखा द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों को इसकी जानकारी देने हेतु बैंक प्रबंधक की ओर से एक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए। *4*

**17.** (क) बैटरी से चलने वाली स्कूटी के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) आपके शहर में एक नया 'मनोरंजन पार्क' खुला है। उसके प्रचार-प्रसार हेतु एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। *3*

**18.** (क) 'लालची टीटू' की कहानी लगभग 100 शब्दों में लिखिए। *5*

**अथवा**

(ख) पानी की पाइप लाइन की मरम्मत के कारण एक दिन के लिए पानी की आपूर्ति बाधित रहने की जानकारी देने हेतु जल आपूर्ति विभाग की ओर से एक ई-मेल लगभग 100 शब्दों में तैयार कीजिए। *5*